## खबर संक्षेप

### जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**मंडला।** पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन 10 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के चेम्बर में किया गया है। जिला सलाहकार की समिति की बैठक में सदस्यगण जिला जनसंपर्क कार्यालय के सहायक संचालक श्री राहुल वासनिक, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार धुर्वे, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऊषा धुर्वे, पैथालॉजिस्ट डॉ. योगेश सिरसाम, जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा तारन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राधा गुप्ता, रोटरी अध्यक्ष श्री प्रसन्न सराफ एवं समाजसेवी श्री विजय बहादुर उपस्थित रहेंगे।

### जिला पंचायत मंडला की सामान्य सभा की बैठक अब 12 को

**मंडला।** जिला पंचायत मंडला की सामान्य सभा की बैठक 11 दिसंबर को दोपहर 2बजे से जिला पंचायत मंडला के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। यह बैठक अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर 12 दिसंबर को आयोजित की जायेगी। बैठक में सभी संबंधितों की उपस्थिति अनिवार्य है।

### 10 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस

**मंडला।** पूर्व वर्ष की भांति 10 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर सभी कार्यालयों में शपथ ग्रहण किया जाना है। सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने कार्यालय में एकत्रित होकर शपथ लेंगे। यह जानकारी डिप्टी कलेक्टर श्री सचिन जैन ने दी है। शपथ के प्रारूप के अनुसार अधिकारी, कर्मचारी, मैं सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञा करता/करती हूँ, यह कि मैं भारत के संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखूँगा/रखूँगी। मैं मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये अपने सभी कर्त्तव्यों का पालन करूँगा/करुँगी। मैं बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों के मानव अधिकारों का सम्मान एवं समर्थन करूँगा/करूँगी। मैं प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से विचारों, शब्दों अथवा कार्यों के द्वारा दूसरों के मानव अधिकारों का हनन नहीं करूँगा/करूँगी, द्वारा यह शपथ ली जायेगी।

# दो बहनों को मिली नई जिंदगी

### जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की मिसाल





**मंडला।** मंडला के ग्राम धुरंमर, पोस्ट आमगाँव (ब्लॉक निवास) के श्री तेजलाल सिंगौरेके घर में जब उनकी दो नन्ही बेटियों दिव्यांशी (8 वर्ष) और जानवी (11 वर्ष) केदिल में छेद होने की जानकारी मिली, तो परिवार पर मानो पहाड़ टूट पड़ा। मासूम उम्र में ऐसी गंभीर बीमारी और ऊपर से आर्थिक तंगी परिजन असहाय और गहरे सदमे में पहुँच गए। बड़े अस्पतालों में इलाज कराना उनके लिए एक असंभव सा सपना था। लेकिन कठिनाई के इस अँधेरे में उम्मीद की किरण बनकर सामने आया राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम। एकीकृत धुरंमर शाला में पढ़ने वाली दोनों बहनों की बीमारी की पहचान ब्लॉक की आरबीएसके टीम ने स्कूल स्क्रीनिंग के दौरान की। स्थिति गंभीर जरूर थी, पर इसका समाधान भी साथ था। आरबीएसके टीम के डॉ. अजय खंडेल ने बच्चियों के पिता को समझाया कि चिंता मत कीजिए, शासन की योजना के तहत आपकी बेटियों का इलाज पूरी तरह निःशुल्क होगा। बस आप दस्तावेज उपलब्ध कराएँ, बाकी प्रक्रिया हम कराएँगे। परिवार की टूटी उम्मीदें फिर से जुड़ने लगीं। स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता दिखाते हुए दोनों बच्चियों की पूरी फाइल तैयार की और उन्हें जबलपुर के गैलेक्सी हॉस्पिटल में भेजा गया। वहाँ शासन की स्वास्थ्य योजनाओं और जिला स्वास्थ्य विभाग के संवेदनशील प्रयासों की बदौलत दोनों बहनों का पूरी तरह निःशुल्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुआ। आज दिव्यांशी और जानवी एक नई जिंदगी की ओर कदम बढ़ा रही हैं मुस्कुराती हुई, स्वस्थ और अपने सपनों को फिर से जीने के लिए तैयार है। परिजन भावुक होकर कहते हैं कि हमारे पास इतने पैसे नहीं थे कि हम इस बड़े इलाज के बारे में सोच भी सकें, लेकिन शासन, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हमारी बेटियों को नई जिंदगी दे दी। हम उनका जीवनभर आभार मानते रहेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपील की है यदि किसी भी बच्चे में दिल संबंधी कोई लक्षण दिखाई दें या हृदय में छेद जैसे गंभीर रोग की आशंका हो, तो उसे तुरंत जिला चिकित्सालय के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में रजिस्ट्रेशन कराएँ। समय पर उपचार से कई बच्चों का जीवन सुरक्षित किया जा सकता है।



# 25 दिसंबर तक सभी लक्ष्य पूरे करें - कलेक्टर

### डीएलसीसी की बैठक में दिए सख्त निर्देश



**मंडला।** मंगलवार को योजना भवन में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में डीएलसीसी/डीएलआरसी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वरोजगार एवं लाभकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, रिजर्व बैंक भोपाल से एल.डी.ओ. श्री अंकुश सिन्हा, एल.डी.एम. मंडला श्री सुजय कुमार, सभी बैंक समन्वयक/शाखा प्रबंधक तथा जिले के विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने पीएम स्वनिधि, टंट्या मामा, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, उद्यानिकी विभाग की पीएमएफएमई योजना, केसीसी, पशुपालन योजनाओं तथा आजीविका समूहों की प्रगति की समीक्षा की। अनेक योजनाओं की धीमी प्रगति पर कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा नाराजगी भी व्यक्त की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों एवं बैंक शाखा प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के लंबित प्रकरणों को 25 दिसंबर 2025 से पूर्व स्वीकृत एवं वितरित कर लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त कर लें। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी शुक्रवार को दिए गए निर्देशों के अनुपालन की अलग से समीक्षा की जाएगी। विशेष रूप से केसीसी पशुपालन योजना के लंबित आवेदनों को प्राथमिकता से स्वीकृत कर शीघ्र वितरण करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित बैंक अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि शेष योजनाओं को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृत एवं वितरित कर दिया जाएगा।

# मोतीनाला में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**मण्डला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोतीनाल ब्लॉक मवई में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडऩ अधिनियम 2013, पॉक्सो एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता के कानूनों के बारे में बताते हुये स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से इनके निपटारे की व्यवस्था के बारे में बताया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। लडक़ी की उम्र 18 वर्ष एवं ल?के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह करना, अपनी शिक्षा एवं सुरक्षा के लिये अपनी आवाज बुलंद करेंगे और बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग प्रदान करेंगे।

**वन स्टॉप में दी जाने वाली सहायता के बारे में बताया**

कार्यक्रम के दौरान उन्हें टोल फ्री नंबर 181, 1098 व दूरभाष नंबर 07642-252699 बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला स्तर पर संचालित कन्ट्रोल रूप पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। हब एवं वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायताओं के बारे में भी बताया गया। तत्पश्चात विधिक प्राधिकरण सेवा जिला मंडला से पीएलवी शिखा श्रीवास्तव द्वारा कानून के प्रति सजग रहने के साथ विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को दी जाने वाली सहायता के बारे में बताया गया। अंत में छात्र/छात्राओं के मध्य विभिन्न प्रतियोगिता की गई जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्रायें, वन स्टॉप सेंटर से बहुउद्देशीय कार्यकर्ता हरिशंकर कछवाहा उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में पुष्पा कछवाहा को मिला 10 हजार रूपए का चैक



**मण्डला।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सुभाष वार्ड निवासी पुष्पा कछवाहा ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा को आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति का निधन 4 वर्ष पूर्व हो चुका है। बेटी ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा पहली की छात्रा है। उसकी फीस, परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पिछले एक वर्ष से जमा नहीं कर पाई है। उनके पेट में गांठ हो जाने से इलाज में भी पैसों की जरूरत प? रही है। मेरे पास आय का कोई अन्य साधन नहीं है। इस आवेदन पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने संवेदनशीलता से संज्ञान लेते हुए रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से बच्ची की स्कूल की फीस जमा करने के लिए पुष्पा कछवाहा को 10 हजार रूपए का चैक देकर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। श्रीमती पुष्पा ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया है।

# पत्नि की लाठी से पीटकर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**मंडला।** अपर सत्र न्यायालय निवास ने दिनांक 09.12.2025 को लाठी से पीटकर अपनी पत्नि की हत्या करने के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। थाना निवास के अप०क्र0 47/2020 पर संस्थित सत्र प्रकरण क्रमांक 40/2020 के आरोपी बलसिंह मरावी निवासी ग्राम केरीवाह, थाना निवास जिला मण्डला को हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह निर्णय दिनांक 09.12.25 को दिया।मामला इस प्रकार है, कि दिनांक 07.04.2020 को सूचनाकर्ता ने फोन के माध्यम से थाने में सूचित किया कि ग्राम ददराटोला केरीवाह में बलसिंह मरावी ने अपनी पत्नि के साथ लाठी से मारपीट करते हुए उसकी हत्या कर दी है। जिस पर निवास पुलिस ने दिनांक 08.04.20 को मौके पर उपस्थित होकर कार्यवाही करते हुए आरोपी से पूछताछ की जिससे पता चला कि दिनांक 07.04.20 को दोनों पति पत्नि महुआ बीनकर वापस करीब 12-01 बजे अपने घर वापस आये थे पत्नि ने खाना बनाया उसी दौरान खाना बनाने और परोसने को लेकर दोनों का विवाद हुआ जिस पर बलसिंह मारपीट करने लगा, जिस पर मृतिका की देवरानी एवं पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया। जब पड़ोसी अपने काम से इधर-उधर चले गये तब एकांत पाकर आरोपी ने पुनः अपनी पत्नि को डंडे से पीटा जिससे उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी की निशादेही पर मारपीट करने खुला डंडा जप्त करते हुए रक्त रंजित कपडे एवं घटना स्थल से प्राप्त अन्य सामग्री को जाच हेतु एफएसएल जबलपुर भेजा गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना पूर्ण करके माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।विचारण के दौरान न्यायालय में आई साक्ष्य एवं अभियोजन की ओर से प्रस्तुत तर्कों पर विचार करते हुए माननीय अपर सत्र न्यायाधीश ने प्रकरण के आरोपी बलसिंह मरावी को धारा 302 भादंवि में आजीवन कारावास एवं 5000.00 रु० अर्थदंड से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से अभियोजन संचालन, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी निवास, श्रीमती उज्वला उईके द्वारा किया गया।

# सरदार पटेल वार्ड लालीपुर में अधिकारियों का संयुक्त निरीक्षण



**मंडला।** सरदार पटेल वार्ड लालीपुर क्षेत्र में गंदगी एवं नाला पर अतिक्रमण संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर प्रशासन तत्परता के साथ सक्रिय हुआ। परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण एवं डिप्टी कलेक्टर मंडला श्री सचिन जैन ने नगर पालिका के सब इंजीनियर जे.पी. डहेरिया के साथ मौके का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वार्ड में फैली गंदगी, नाला अवरुद्ध होने की स्थिति और अतिक्रमण की समस्याओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने नगर पालिका अमले को निर्देश दिए कि क्षेत्र में तत्काल सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा नाला मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की तैयारी की जाए। श्री जैन ने कहा कि स्वच्छता और जल निकासी से संबंधित समस्याओं पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने वार्ड निवासियों से भी अपील की कि स्वच्छता बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें।

**न्यायालय- अल्तमस रहमान, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मण्डला जिला मण्डला मध्यप्रदेश**

उत्तरा.प्र.क्र. नियत दिनांक 07.01.2026

श्रीमती अनुसुईया देवी पति स्व. विश्राम सिंह मरावी आयु करीब 62 साल निवासी म.नं. 1444 वार्ड नंबर 09 रेस्ट हाउस के पास ग्राम भुआबिछिया थाना तहसील भुआबिछिया जिला मण्डला, म.प्र...... आवेदिका

विरूद्ध

1- अभिलाषा उइके पति बिसन सिंह उइके आयु करीब 40 साल, निवासी वार्ड नं 09 बडेटोला सिझोरा तहसील भुआबिछिया जिला मण्डला, म.प्र.

2- श्रीमान शाखा प्रबंधक महोदय पंजाब नेशनल बैंक, शाखा औरई तहसील भुआबिछिया जिला मण्डला

3- आम जनता अनावेदकगण

//आम इश्तहार//

एतद्व द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के समक्ष आवेदिका श्रीमति अनुसुईया देवी द्वारा धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदिका का विवाह विश्राम सिंह मरावी पिता आशाराम निवासी ग्राम औरई तहसील बिछिया जिला मण्डला वाले के साथ विधिवत जातीय रीति रिवाजानुसार, सम्पन्न हुआ है आवेदिका विश्राम सिंह मरावी की एकमात्र विवाहिता पत्नि हैं, तथा अनावेदिका क्रमांक 1 उनके वैवाहिक जीवन से उत्पन्न संतान है।

यह कि, उक्त विश्राम सिंह मरावी के नाम पर पंजाब नेशनल बैंक शाखा औरई जिला मण्डला में एक बचत खाता कमांक 2498000100021441 एवं एक सावधि खाता कमांक 2498003100834015 में दिनांक 01.09.2023 को 36 माहो की अवधि के लिए राशि जमा की गई है जिसकी परिपक्वता अवधि दिनांक 01.09.2026 एवं भुगतान योग्य राशि 3,88,997/- रूपये लगभग जमा है।

यह कि उक्त विश्राम सिंह मरावी की मृत्यु दिनांक 18.10.2024 को हो चुकी है अतः मृतक की मृत्य उपरांत मृतक के खाते में जमा संपूर्ण राशि प्राप्त करने हेतु आवेदिका द्वारा स्वयं को मृतक का उत्तराधिकारी बताते हुए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गई है।

अतः आवेदिका के पक्ष में तद्वाशय प्रमाण पत्र जारी करने में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि, अधिवक्ता जिसे प्रकरण की संपूर्ण जानकारी हो के माध्यम से मय दस्तावेजों के पेशी दिनांक को न्यायालीन समय में मय दस्तावेजों के उपस्थित होकर जबाव पेश करें यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है तो आगामी न्यायालीन कार्य दिवस में उपस्थित होवे उक्त दिनांक तक किसी प्रकार की कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने की दशा में आवेदिका के पक्ष में तद्वाशय का प्रमाण पत्र जारी करने हेतु यह न्यायालय अग्रसर हो जावेगी।

अतः मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा द्वारा आज दिनांक 28.11.2025 को जारी किया गया।

डॉ. अल्तमस रहमान, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मण्डला

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युप बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 बार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, बिलासपुर संस्करण – 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, भोपाल संस्करण– 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, जबलपुर संस्करण– 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# जंगल क्षेत्र की अनेक पंचायतों में शासन की राशि खर्च होने के बाद भी अधूरा पड़े हुये निर्माण कार्य, पंचायत स्तर से लेकर ब्लाक स्तर के अधिकारी हो सकते हैं बेनकाब....?









हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।

यह बात अलग है कि बीते हुये पंचायत का कार्यकाल बदले हुये नये पंचायतों के गठन को भी तीन साल से अधिक का समय बीतने को है। मगर यदि पंचायतों द्वारा जिस तरह विकास कार्यो में नाम पर शासन की राशि की होली खेली गई है उसकी सच्चाई जंगल क्षेत्र के उन गांवों में देखने आसानी से मिल सकती है जहां पर विकास कार्यो के नाम पर पैसा तो खर्च हुआ है। मगर आज भी अनेक पंचायतों में अधूरे पड़े हुये विकास कार्य पंचायत के बीते हुये कार्यकाल से लेकर वर्तमान पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित ब्लाक स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की गफलत बाजी की सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रहे है? इस बात की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले जंगल पट्टी की अनेक पंचायतों में असानी से देखने मिल सकती है। बताया जाता है कि पंचायतों द्वारा यहां के गांवों में निर्माण कार्यो के नाम पर सरकारी राशि खर्च तो कर डाली है। मगर जिस तरह निर्माण कार्य अधूरे दिखाई देने के साथ साथ चंद दिनों के अंदर टूट चुके है वह सबालों को जन्म देने के साथ साथ जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक रहे है..? इतना ही नही बताया जाता है कि इन गुणवत्ता पूर्ण कार्यो जो निर्माण के बाद अपना पहला जन्म दिन तक नही मना पाये है। मगर अधिकारियों की कृपा दृष्टि तथा कमीशन के चक्कर में पुनः सुधार कार्य के नाम पर राशि स्वीकृत होने की चर्चायें सुनाई देने से नही चूक पा रही है..? कुछ इसी प्रकार का हाल स्वच्छता सर्वेक्षण के क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। बताया जाता है कि स्वच्छता के नाम पर लाखों रूपया खर्च होने के साथ साथ पंचायतों द्वारा अधिकारियों की मिली भगत से कागजों में जहां ओडीएफ इसके बाद ओडीएफ प्लस रिकार्ड के दस्ताबेजों में नई नबेली दुल्हन की तरह सजाकर जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण के नाम पर उत्कृष्ठ पुरूस्कार लेने के हकदार बनने में भी कोई कसर नही छोड़ी गई है? मगर इन पंचायतों की सच्चाई इस तरह से देखने मिल रही है कि लोगों के घरों में आज भी अधूरे पड़े हुये शौचालय गफलत बाजी का अधिकारियों को आईना दिखाने से नही चूक रहे है और शौचालय निर्माण के लिये खोदे गये गड्डे लोगों के लिये कचरादान बन जाने के कारण शोभा की सुपारी बनकर रहे गये है? मगर इस सबके बाद हैरत तो इस बात को लेकर देखने मिल रही है कि जिले से लेकर तहसील स्तर पर देश में आयोजित होने वाली सबसे बुद्धिमान दर्ज की परीक्षा को सफल करने अधिकारियों के हाथों में बागडोर होने के बाद भी उनके अधिनस्थ आने वाले क्षेत्रों में इस तरह दौड़ रही गफलत बाजी की रैलगाड़ी को वह खुद ही हरि झंडी दिखाने में पीछे नही है..? यह बात अलग है कि जब जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया जाता है कि इसकी जानकारी ब्लाक से लेकर पंचायत स्तर के अधिकारियो को पहले ही मिल जाने के चलते वह अपनी पंचायतों को दुल्हन की तरह सजाते हुये अधिकारियों के स्वागत हेतु तैयार तो कर लिया जाता है और इसी के चलते यहां की वास्तविक सच्चाई उजागर होने से बच जाती है? यदि यही सक्षम अधिकारी अचानक बगैर किसी पूर्व सूचना के जंगल क्षेत्र के इन गांवों को अचानक दौरा कर लेवे तो हरिभूमि द्वारा उठाई जाने वाली इस सच्चाई पर मुहर लगने से नही चूक पायेगी..? मगर वह कहाबत है कि थोडे थोड़ में सभी की सोंझआई होती है तो नीचे से लेकर ऊपर तक अधिकारियों को सब कुछ दीप की आग के सामने काली लता भी हरियाली फैलाते हुये शीतलता का प्रसाद बटने से नही चूक पाया है..? जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों के गांवों का रूख किया जावे तो यहां पर हाई स्कूल से लेकर शमशान घाट सहित शौचालयों तथा बरोबर बांधों के अधूरे पड़े हुये निर्माण कार्य व गांवों में फैल रही गंदगी पंचायतों की सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी। वही दूसरी ओर निष्ठावान बनकर उत्कृष्ठ पुरूस्कार के लिये ताल ठोकने वाले अधिकारियों की पोल खुलकर सामने आने से नही बच पायेगी..? बताया जाता है कि जंगल क्षेत्र की पंचायतों में सरोबर तालाबों के निर्माण पर लाखों रूपया की राशि खर्च करते हुये दो झुरैईयों के बीच तालाब तैयार करते हुये शासन की राशि का किस तरह पंचायत से लेकर ब्लाक व जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा बंदर बांट किया गया है इस बात की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली पंचायतों में आसानी से देखने मिल सकता है। जहां पर सूखे दिनों में पानी रहने की बात तो दूरे बारिश के दिनों में तक पानी नजर आने की कल्पना करना मुश्किल होने से नही चूकता है..? क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि पंचायतों के पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यो की किसी निष्ठावान अधिकारी से जांच कराई जावे तो सच्चाई अपने आप ही उजागर होने से नही बच पायेगी। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब अधिकारी अपने चैम्बरों से निकला ही नही चहेगे तो फिर इनकी जांच करेगा कौन..? वही यदि मान लिया जावे कि जब कभी कही किसी पंचायत या क्षेत्र का निरीक्षण करने की औपचारिकता निभाई जाती है तो वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों को पहले से ही सूचना देकर पहुंचने के चलते गफलत बाजी की सच्चाई आंखों से ओझल होने से नही चूक पाती है..। इसी का परिणाम है कि जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते ब्लाक स्तर से लेकर पंचायत स्तर पर बैठे हुये कर्मचारियों द्वारा पूर्णरूप से पंचायतों के विकास कार्यो के नाम पर शासन की राशि की होली खेलते हुये विकास कार्यो की गति को मात्र कागजों पर चलाते हुये देखने मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### प्रारंभिक कक्षाओं का अर्ध वार्षिक परीक्षा कार्य शुरू

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासकीय शालाओं में कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों लिए अर्ध वार्षिक परीक्षा मूल्यांकन प्रारम्भ हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 3 से 5 वी कक्षा के पेपर सुबह 10 से 12:30 बजे एवं कक्षा 6 से 8 वी तक के पेपर 1:30 बजे से 4 बजे तक हुए। परीक्षा के पहले दिन सभी कक्षाओं में हिंदी विषय का परचा छात्र छात्राओं ने हल किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में 30 अक्टूबर तक की अवधि के पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न शामिल किये गये है। परीक्षा के शुरुआती दिन विभागीय अधिकारियो ने परीक्षा संचालन का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। विदित हो कि राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने प्रदेश में संचालित एस आई आर प्रक्रिया में शिक्षकों की व्यस्तता के कारण कक्षा 3 से 8 के अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथियों को 24 नवम्बर से आगे बढ़ाकर 8 दिसंबर कर दिया था।

### डबल ट्राली वाली ट्रेक्टरों की मनमानी

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** क्षेत्र की सड़कों पर जिस तरह एनटीपीसी से राख का परिवहन करने वाले भारी भरकम डम्फरों के साथ साथ डबल ट्राली वाली ट्रेक्टरों की मनमानी पूर्ण धमाचौकड़ी देखने मिल रही है उसके चलते छोटे वाहन चालको का सड़को से निकलना मुश्किल हो चुका है। इसी का परिणाम है कि गाडरवारा से सांईखेड़ा मार्ग हो या फिर ककरा घाट मार्ग पर ऐसा दिन कोई शेष नही रहता होगा कि जिस दिन सड़क दुर्घटना के चलते किसी की जान जाने की खबर न मिल रही हो..? इस तरह नियम विरूद्व दौड़ रहे इन वाहनों की मनमानी पर अंकुश लगाने में प्रशासन की असफलता का परिणाम है कि क्षेत्र के लोगों को अपनी जिन्दगी कुर्बान करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये सोमवार की सुबह गाडरवारा सांईखेड़ा मार्ग पर उस समय देखने मिली जब एक भारी भरकम ट्राला के चलते आमने सामने से आ रही दो मोटर साईकिलों को कुछ दिखाई नही देने के चलते वह आपस में टकरा जाने के कारण तीन लोग घायल हो गये जिन्हें गंभीर स्थिति में चिकित्सालय पहुंचाया गया। क्योंकि क्षेत्र की सड़को की वह क्षमता नही है जो इन भारी भरकम ट्रालाओं व नियम विरूद्व एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर दौड़ रहे ट्रेक्टरों की मनमानी का सामना कर सके। क्योंकि इन वाहनों की लम्बाई इतनी हो जाती है कि जब कोई मोटर साईकिल चालक या छोटे वाहन वाला इन वाहनों को ओबर टेक करते हुये आगे की ओर बढ़ाने का प्रयास करता है तो उसे सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है और वह आपस में टकराने से नही बच पाते है।

### ताश पत्तों पर हार जीत का दांव लगाते हुये गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पुलिस द्वारा क्षेत्र में जुआ सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी द्वारा ग्राम सूरना नाले के पास सतेन्द्र पिता अरविंद कौरव उम्र 40 साल, प्रेमनारायण पिता रघुवीर कौरव उम्र 53 साल, सोमेश पिता नेपाल कौरव उम्र 37 साल, डालचंद पिता धनसिंह कौरव उम्र 58 साल सभी निवासी ग्राम सूरना को जुंआ खेलते हुये रंगे हाथों पकड़कर आरोपियों के पास से ताश पत्ते एवं नगदी 2760 रूपया जप्त जप्त करते हुये धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम किया गया।

### शिक्षक बड़ेलाल का निधन



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** समीपस्थ ग्राम चांदनखेड़ा निवासी एवं शासकीय हाईस्कूल हीरापुर प्रयोग शाला में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ बड़ेलाल कौरव का बीमारी के चलते बीते हुये दिवस निधन हो गया। वही लगभग 58 वर्ष थे। स्व. शिक्षक बड़ेलाल की शव यात्रा में आसपास के गांवों सहित शिक्षा विभाग से जुडे अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने शामिल होकर अपने श्रद्वासुमन अर्पित किये।



# बीआरसी सहित बीएसी ने संयुक्त रूप से किया शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

शिक्षण कार्यो में सख्ती लाने की सोच के चलते बीते हुये दिनों जनपद शिक्षा केंद्र साईंखेड़ा के बीआरसी संदीप स्थापक एवं बीएसी पवन राजोरिया ने संयुक्त रूप से विकासखंड की विभिन्न शालाओं में पहुंचकर शैक्षणिक व्यवस्थाओ का जायजा लिया। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने गाडरवारा शहर की गंज प्राथमिक. शाला, कन्या नवीन, शा पूर्व माध्यमिक कन्या शाला सहित ग्राम चिरहकला, ग्राम चामचोन, ग्राम बगदरा तथा थरेरी की शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं निरीक्षण करने के साथ चल रही अर्ध वार्षिक परीक्षा में आवश्यक निर्देश दिये। बताया जाता है कि उन्होंने कहा कि परीक्षाओ का संचालन निर्धारित समय सीमा में हो एवं शत प्रतिशत बच्चे परीक्षा में शामिल रहे। परीक्षा उपरांत उसी दिन कापियों का मूल्यांकन होना चाहिये। इस निरीक्षण में उन्होंने कहा कि कक्षा पहली व दूसरी में अध्ययन करने वाले बच्चों की एफएलएन अभ्यास पुस्तिकाओं का जाँच समय समय पर हो एवं अशुद्धियों पर गोले लगाकर उन्हें सही किया जाये।

# वन विभाग की टीम ने मोर का शिकार करने वाले आरोपियों को हथियार सहित पकड़ने में हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इन दिनों जंगल क्षेत्र में लगातार बढ़ रही हलचलों के चलते जहां जंगल में निवास करने वाले पशु पक्षियों की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही चूक रही है। वही मुख्य रूप से देखा जावे तो समीपस्थ चीचली क्षेत्र के ग्राम रायपुर, हीरापुर, डोगरगांव व चोर बरहटा व एनटीपीसी क्षेत्र में भारी मात्रा में राष्ट्रीय पक्षी मोर निवास करते है। मगर यहां पर लगातार हो रही वाहनों की धमाचौकड़ी के चलते मोर की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पा रही है। यह राष्ट्रीय पक्षी या तो वाहनों की चपेट में आने से बे मौत मरते हुये देखे जाते है या फिर शिकारियों के हाथ लगने से नही बच पा रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस उस समय देखने मिली जब वन विभाग की टीम द्वारा मोर का शिकार करने वाले आरोपियों को ग्रामीणों की मदद से बंदूक सहित पकड़ने में सफलता हासिल की गई। बताया जाता है कि वन मंडल अधिकारी के निर्देशन में उपवन मंडल अधिकारी गाडरवारा के नेतृत्व में एवं परिक्षेत्र अधिकारी को थाना चीचली से मिली सूचना के अनुसार ग्राम इमलिया में परिक्षेत्र सहायक बारहा अंतर्गत एक मोर के शिकार हुआ है। इस सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा तो पता चला की दो लोगों द्वारा शिकार किया गया है। इस तरह आरोपियों को अपनी गिरप्त लेते हुये उनके पास से भरमार बंदूक भी जप्त की गई है। वही आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन्य प्राणी अधिनियम 1972 के तहत मामला कायम करते हुये मा. न्यायालय में समक्ष पेश किया गया। इस टीम में मुख्य रूप से महेश का पुष्कर रेंजर के आलवा राजेश कोरव, राधा ऊईके, वनपाल मनीष कुमार तिवारी, घनश्याम श्रीवास, नरेंद्र वर्मा, महेंद्र शर्मा, उमेश ठाकुर, वन रक्षक योगेश वर्मा वाहन चालक सहित पुलिस थाने से गोटिया ए एस आई आरक्षक सुनील त्यागी की अहिम भूमिका देखने मिली।



# गांव से निकलने वाले निस्तारी पानी को कच्चे गोहे के निर्णय पर किसानों ने जताया विरोध, पक्के नाले के निर्माण की मांग







हरिभूमि न्यूज/कौड़िया। जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कौड़िया में निकलने वाले पानी की पंचायत द्वारा उचित प्रबंध नही किये जाने के चलते यह नालियों का पानी किसानों के खेतों में पहुंचने के चलते बीते हुये दिनों परेशान किसानों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुये गंदे पानी के उचित प्रबंध की मांग की गई थी। इस ज्ञापन के बाद अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पंचायत सहित अन्य अधिकारियों को दिये गये निर्देशों के चलते बीते हुये दिवस जनपद जनपद पंचायत व तहसील के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर देखा और पंचायत से निकलने वाले नालियों के गंदे पानी को कच्चे गोहे से जोड़े जाने की बात का किसानों द्वारा विरोध करते हुये पक्के नाला निर्माण की मांग की जा रही है। इसी के चलते प्रभावित किसानों द्वारा पुनः मंगलवार को एक बार फिर प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुये समस्या का निदान सात दिवस के अंदर करने की मांग की गई है। बताया जाता है कि सरकारी गोह के आसपास लगे किसानों द्वारा प्रशासन के निर्देशों के विरुद्ध आपत्ति दर्ज करने के लिए सामूहिक रूप से ज्ञापन सोपा है किसानों का कहना है कि शासकीय गोहे में दो नाले पहले से जुड़े हैं जिसके कारण पहले से ही हमारे खेतों में जल भराव की स्थिति बनी रहती है। अत्यधिक मात्रा में नमी बनी रहती है जिससे फसल खराब होती है। यदि इसको और जोडा जाता है तो लगभग 50 से 60 किसान और कुछ रहवासी छोटे किसान प्रभावित होंगे। किसानों को कहना है कि प्रशासन द्वारा पक्का नाला तैयार करना चाहिए ताकि किसानों को आवागमन और जल भराव की समस्या ना हो। इस तरह किसानों ने जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। यदि हमारी मांगों की ओर अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया तो आंदोलन जैसे कमद उठाने के लिये मजबूर होना पड़ेगा।

### पंचायतों में उप निर्वाचन प्रक्रिया के तहत शस्त्र लायसेंस किये निलंबित, तीन दिन के अंदर जमा करना होंगे हथियार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के निर्वाचन की सूचना जारी होते ही जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने 5 जनवरी 2026 तक शस्त्र लायसेंस निलंबित करने का आदेश जारी किये गये है। बताया जाता है कि मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल एवं कार्यालय कलेक्टर (स्थानीय निर्वाचन) नरसिंहपुर के अनुसार पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के चुनाव कराये जाने हैं। इसके लिए 8 दिसम्बर 2025 को निर्वाचन की सूचना जारी की गई है। अतः उक्त तिथि से जिन जनपद पंचायतों के ग्रामों में उप चुनाव होने हैं उन स्थानों पर आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। इस उप निर्वाचन प्रक्रिया के तहत गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत खड़ई व खला तथा जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत अजंसरा व चिर्रिया और सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत देतपोन में उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के चुनाव सम्पन्न किया जाएगा। जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने शस्त्र अधिनियम 1959 के प्रावधानों के तहत उक्त जनपद पंचायतों के ग्रामों के शस्त्र लायसेंसधारियों को जारी शस्त्र लायसेंस निर्वाचन अधिसूचना 8 दिसम्बर 2025 से निर्वाचन परिणाम 5 जनवरी 2026 तक के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। उक्त सभी शस्त्र लायसेंसधारी उनके लायसेंस में दर्ज सभी शस्त्र संबंधित थाने में तीन दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से जमा कर पावती प्राप्त करेगें। साथ ही जिन ग्राम पंचायत/ जनपद पंचायत के सीमा क्षेत्रों में चुनाव संपन्न होने हैं, वहां किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र प्रवेश धारण करना वर्जित होगा। आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर संबंधित शस्त्र लायसेंसधारियों के विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश बैंक सुरक्षा गार्ड, शासन के स्वीकृत गार्ड, सुरक्षा बलों, पुलिस सुरक्षा बलों व अर्द्धसैनिक बलों पर लागू नहीं होगा। इस तरह पंचायतों के उप चुनावी प्रक्रिया के चलते सोमवार से ही लायसेंस निरस्त होने के चलते तीन दिवस के भीतर निर्वाचन प्रक्रिया वाले ग्रामवासियों को अपने हथियार अनिवार्य रूप से थाने में जमा करना होगे।

# अनेक सटोरिया आये पुलिस की गिरपत में

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा लगातार धरपकड़ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिनों पुसिल द्वारा अलग अलग स्थानों पर छापा डालते हुये सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिनों पुलिस द्वारा बीते हुये दिवस नगर के स्टेशन रोड पर राजू पिता बाबू लाल मेहरा निवासी ग्राम इमालिया को अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 500 रूपया तथा चीचली तिरहा के पास पप्पू पिता जगत नारायण पांडे निवासी महाराणा प्रताप वार्ड के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 360 रूपया जप्त किये गये। वही समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत सिहोरा के तालाब के पास मुरारी पिता हर नारायण लोधी के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 730 रूपया तथा जितेन्द्र पिता गुलाब सिंह कहार निवासी गांधी वार्ड के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 350 रूपया जप्त किये गये। वही सालीचौका पुलिस द्वारा भी सांई मंदिर के पास कैलाश पिता मोहन लोधी को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 850 रूपया जप्त किये। इसी प्रकार से चीचली पुलिस द्वारा भी अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समीपस्थ ग्राम बारहाबड़ा में वही के निवासी पंकज पिता संतोष राजपूत को सट्टा पटटी काटते हुये पकड़कर उसके पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 2255 रूपया व खिरका मुहल्ला में रमजान अली मोमिन पिता मुनीर अली मोमिन को भी पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 330 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ 4 क जुआ एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये कार्यवाही की गई।

# पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों से जप्त की गई अवैध शराब




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर से लेकर गांव गांव बढ़ रहे शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकुमार मीना द्वारा सभी थाना प्रभारियों को कार्यवाही के आदेश जारी किये गये है। इसी के चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार से जुडे हुये लोगों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। वही पुलिस द्वारा बीते हुये दिनों अलग अलग जगहों से भारी मात्रा में कच्ची व देशी शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस नगर के सुभाष वार्ड में एक महिला के पास से पुलिस ने 10 लीटर कच्ची तो ग्राम बोदरी में वही के निवासी अनिल पिता मोहन दास बैरागी के पास से 4 लीटर व नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में बालेश्वर पिता मूलचंद राय निवासी राजीव वार्ड के पास से 10 लीटर कच्ची व नगर के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में भूरे लाल पिता मिही लाल धानक के पास से 5 लीटर कच्ची व ग्राम बोदरी में सौरभ पिता कल्लू ठाकुर निवासी डोला बाबा के पास से 8 लीटर कच्ची जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ डोगरगांव पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल्याणपुर रायपुर रोड पर बनी एक झोपड़ी के पास दीपक पिता हल्के भैया कुशवाहा निवासी कल्याणपुर के पास से 16 पाव देशी शराब जप्त की गई। वही समीपसथ सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम संसार खेडा रेत खदान के पास देवेन्द्र उर्फ दिब्बू पिता मुल्ला नौरिया निवासी तूमडा के पास से 19 पाव देशी व दिब्बू पिता मुल्ला नौरिया निवासी तूमडा के पास से 20 पाव देशी तथा नगर की एसबीआई बैक के पास हल्के भैया पिता किशोरी लाल कहार निवासी बेदर जिला नर्मदापुरम के पास से 15 पाव देशी तथा रम्पुरा रोड पर सरमन पिता हर दयाल अहिरवार निवासी उडनी पिपरिया के पास से 20 पाव देशी शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### चटुवा में नहर सुधार व खरीदी केंद्र की माँग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



डिंडौरी। ग्राम पंचायत चटुवा के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने क्षेत्र की महत्वपूर्ण कृषि समस्याओं को लेकर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया को एक विस्तृत संयुक्त आवेदन सौंपा। आवेदन में मुख्य नहर की तत्काल सफाई–मरम्मत, नहर किनारे सड़क निर्माण तथा चटुवा में धान खरीदी केंद्र की स्थापना जैसी प्रमुख माँगें रखी गईं। ग्रामीणों का कहना है कि इन समस्याओं का सीधा असर क्षेत्र के हजारों किसानों की आजीविका पर पड़ रहा है।

**जर्जर नहर से सिंचाई बाधित, फूटने का खतरा बढ़ा-** ग्रामीणों ने बताया कि चटुवा जलाशय से निकलने वाली मुख्य नहर कई वर्षों से उपेक्षा का शिकार है। नहर में गाद भरने, टूट-फूट और नियमित सफाई न होने के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है। किसानों ने आशंका व्यक्त की कि यदि रबी सीजन में पानी छोड़ा गया तो जर्जर नहर किसी भी समय फूट सकती है, जिससे फसलों को भारी नुकसान पहुँच सकता है जनप्रतिनिधियों ने बताया कि नहर के दोनों ओर किसानों को 15–15 मीटर भूमि का मुआवजा दिया जा चुका है, बावजूद इसके सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। यह सड़क क्षेत्र के किसानों की खेतों तक पहुँच का प्रमुख मार्ग है। सड़क बन जाने से कृषि कार्यों और परिवहन व्यवस्था में काफी सुधार होगा।


**17 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा** धान बेचने, खरीदी केंद्र की माँग ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए दूसरे आवेदन में चटुवा में धान खरीदी केंद्र स्थापित करने की माँग उठाई गई। वर्तमान में किसानों को सरहरी खरीदी केंद्र तक 17 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। चटुवा–बिछिया मार्ग पर ग्रेवल सड़क निर्माण अधूरा होने से आवागमन और भी मुश्किल हो गया है। किसानों ने बताया कि खराब सड़क और लंबी दूरी के कारण परिवहन लागत बढ़ रही है तथा समय और श्रम दोनों की हानि हो रही है।जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यदि चटुवा में खरीदी केंद्र खोला जाता है, तो किवटी, लाखो, धनुवासगर सहित आसपास के कई गाँवों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और खरीद व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी।ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच रामनरेश धुरैया, जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल, अशोक ठाकुर, लाल विजय चंदेल, मनीष चंदेल, सुखदेव चंदेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जल संचय अभियान के तहत सेक्टर मानिकपुर में बोरीबंधान



डिंडौरी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड शहपुरा अंतर्गत जल संचय अभियान के तहत ग्राम लालपुर (सेक्टर मानिकपुर) में साकुल नदी के पूजई घाट पर सामुदायिक सहभागिता से बोरी बंधान कार्य किया गया। जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान के मार्गदर्शन तथा विकासखंड समन्वयक डॉ. नीलेशवरी वैश्य की उपस्थिति में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था प्रभारी शंभु विश्वकर्मा, मेंटर गोपाल रैदास, तथा ग्रामवासी देवलाल, हेमंत एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से सम्पन्न हुआ। इस पहल का उद्देश्य अधिक समय तक जल संरक्षित करना, ग्रामीण क्षेत्रों में दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति, कृषि कार्यों के लिए सिंचाई सुविधा, तथा मवेशियों हेतु पेयजल उपलब्ध कराना है।ग्रामीणों की भागीदारी के साथ किया गया यह सामूहिक प्रयास जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में सहायक साबित होगा। संबंधित संस्था द्वारा बताया गया कि बोरीबंधान का यह कार्य आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा।

### शहपुरा धन उपार्जन केंद्र पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



शहपुरा। क्षेत्र के धन उपार्जन केंद्र में धान खरीदी शुरू होने के बाद भाजपा मंडल शहपुरा के अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती ने गुरुवार को केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश साहू और अरुण अग्रवाल भी मौजूद रहे।मंडल अध्यक्ष चक्रवर्ती ने खरीदी केंद्र पर पहुंचकर किसानों से चर्चा की और उनसे खरीदी प्रक्रिया को लेकर फीडबैक लिया। किसानों ने कुछ व्यवस्थागत समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया।

# जनसुनवाई में 95 आवेदन प्राप्त, कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों का तत्काल समाधान कराया।





डिंडौरी।

जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 95 आवेदन प्रस्तुत किए, जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं हो सका, उनके लिए आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक आश्वासन प्रदान किया गया। ग्राम बिझौरी की 77 वर्षीय लुटैया रौतिया ने बताया कि उन्हें लगभग 15-20 वर्षों से राशन नहीं दिया जा रहा है। आवेदक ने यह भी बताया कि लगातार टालमटोल किए जाने के कारण उन्हें भूखमरी की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को तुरंत जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। ग्राम जरगुड़ा की हितग्राही कुसुम बाई ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवास की मजदूरी राशि वर्ष 2024-25 से अब तक उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित को राशि भुगतान हेतु शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम सरसी माल के सरपंच संतोष कुमार मार्कंडेय ने स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में ठेकेदार एवं सप्लायर द्वारा घटिया मटेरियल उपयोग और धमकाने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में वन ग्राम कान्दावली पंचायत धुरकुटा निवासी रामबाई ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया की मेरे नाम पर वनअधिकार पत्र बनने के बाद भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिल रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को जांच कर राशि दिलाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम तितराही निवासी आवेदक उदय सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया की उनकी पुत्री की मृत्यु तालाब में डूबने से 07-06-2022 को हो गई थी। किंतु आज दिनांक तक मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता राशि नहीं मिली है। कलेक्टर ने समस्या का समाधान करने के संबंधित विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनसुनवाई के अंत में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र जाटव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हायर सेकेंडरी स्कूल बटोधा एवं हाई स्कूल चिचरिंगपुर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु कार्यशाला का आयोजन



डिंडौरी।

9 दिसंबर 2025 को कलेक्टर श्रीमती अंजू भदोरिया के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्याम सिंगोर के मार्गदर्शन में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बटोधा तथा हाई स्कूल चिचरिंगपुर में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 100 दिवसीय "बाल विवाह मुक्त भारत अभियान" के तहत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई गई तथा बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि यदि उनके आसपास कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिलती है, तो वे तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क कर इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम में पोक्सो एक्ट, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला के सफल संचालन में विभाग की ओर से पर्यवेक्षक पार्वती धुर्वे, परामर्शदाता सुष्मा डोंगरे, आउटरीच कार्यकर्ता पूजा टेकाम, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## डिंडोरी पहुंचे मनरेगा आयुक्त अवी प्रसाद

**डिंडोरी।** विधानसभा में मनरेगा मजदूरों को काम न मिलने और उनके पलायन के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने के बाद डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम के धरने का असर दिखा। इसी क्रम में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के आयुक्त, भोपाल से अवी प्रसाद मंगलवार को डिंडोरी पहुंचे।आयुक्त प्रसाद ने यहां विधायक ओमकार मरकाम सहित जिले के सरपंचों से मुलाकात की और श्रमिकों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मजदूरों की कठिनाइयों को गंभीरता से सुनते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया।बैठक के दौरान विधायक मरकाम ने कहा कि जिले के हक का करोड़ों रुपये हर वर्ष लेप्स हो जाता है। उन्होंने मांग की कि मार्च से पहले सभी कार्यों की स्वीकृति सुनिश्चित की जाए, ताकि गरीब मजदूरों को समय पर रोजगार और मजदूरी मिल सके तथा जिले का बजट लेप्स होने से बचाया जा सके।इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सिधौली बैगान टोला में लंबे समय से नल-जल योजना ठप्प



अमरपुर।

जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत सिधौली के बैगान टोला में कुछ वर्ष पूर्व ही जल जीवन मिशन के तहत नल-जल योजना स्वीकृत कर निर्माण कार्य कराया गया हैं। नल - जल योजना चालू हुए कुछ दिनों ही बीते होंगे जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पानी उपलब्ध होता रहा। लेकिन ग्राम पंचायत के जानकार बतलाते हैं कि लगभग छः महीने पूर्व से नल-जल योजना ठप्प पड़ी हुई हैं। उक्त मोहल्ले में लगभग 75 घर हैं। जनसंख्या अधिक होने के कारण पीने का पानी अपने मोहल्ले के अलावा दूसरे मोहल्ले के हेंड पंप से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया इस प्रकार से जिम्मेदारों की लापरवाही पूर्ण रवैया के चलते हम ग्रामीणों को नल-जल योजना के तहत पीने का पानी नसीब नहीं हो पा रहा हैं। जबकि यह केंद्र सरकार की महात्वाकांक्षी योजना हैं। हर घर को मिलेगा पानी का दावा को जिम्मेदार जानबूझकर ठेंगा दिखाने में कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ओर वहीं गांव के लोग सरकार की महात्वाकांक्षी योजना के लाभ पाने के लिए तरस रहे हैं। मामले को लेकर पीएचई विभाग के एसडीओ श्रीकांत गुप्ता से बात की गई। जिसमें उसने द्वारा बताया गया कि नल-जल योजना चालू कर ग्राम पंचायत को सौंप दिया गया हैं। इसी संबंध में ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से जानकारी चाही गई तो जानकारी में बताया गया लगभग दो महीने ही नल-जल योजना चालू था और अचानक गड़बड़ी आने कारण बंद पड़ी हैं। जिसका सुधार कार्य करवाना हैं। गड़बड़ी आने के कारण आज भी नल-जल योजना बंद हैं। इस प्रकार की जिम्मेदार ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव की लापरवाही के आगे ग्रामीणों को नल-जल योजना के लाभ से वंचित रखा जा रहा हैं।

### इनका कहना हैं

ग्राम पंचायत में नल जल योजना कि पाइप लाइन फूटी हुई हैं,जिसका सुधार कार्य करवाया जा रहा हैं।

**सरस्वती तेकाम (सचिव )ग्राम पंचायत सिधौली**

## श्रमिकों के लिए मनरेगा जिले की आधारशिला, सभी को उपलब्ध कराया जाए कार्यः आयुक्त अवि प्रसाद

**मनरेगा, मध्यान्ह भोजन और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की कलेक्टर सभाकक्ष में हुई व्यापक समीक्षा**



डिंडौरी।

जिले में संचालित मनरेगा, मध्यान्ह भोजन और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रगति को लेकर कलेक्टर सभाकक्ष में आयुक्त अवि प्रसाद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज जैन, मुख्य अभियंता राज्य रोजगार गारंटी परिषद के.एस. मिरधा, डिप्टी कमिश्नर वाटरशेड वीरेंद्र त्रिपाठी, कृषि विशेषज्ञ विवेक शर्मा, अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त देवेंद्र दीक्षित, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे सहित जनपद पंचायत सीईओ, यंत्री, सहायक यंत्री तथा विभिन्न योजनाओं से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में आयुक्त ने निर्देश दिए कि जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान, सार्वजनिक तालाब, खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज और अमृत सरोवर के कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हों। साथ ही सामग्री भुगतान से संबंधित लंबित बिलों का जल्द निराकरण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि मनरेगा मांग आधारित योजना है और शासन द्वारा पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा है, इसलिए विकास कार्यों की सतत प्रगति सुनिश्चित करते हुए नए कार्यों को सिपरी ऐप के माध्यम से चिन्हांकित किया जाए। नर्मदा परिक्रमा पथ और आश्रय स्थलों पर मनरेगा से वृक्षारोपण तथा पंचायती राज मद से फेंसिंग कराए जाने के निर्देश भी दिए गए।मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने कहा कि सभी शालाओं में मध्यान्ह भोजन वितरण की निगरानी निर्धारित ऐप के माध्यम से हो। अधिकारी और कर्मचारी भ्रमण के दौरान भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देश दिया कि आजीविका समूहों को ही मध्यान्ह भोजन निर्माण से जोड़ा जाए और रसोइयों को शत-प्रतिशत समूहों से संलग्न किया जाए। एनआरएलएम टीम को सभी दीदियों का विवरण पोर्टल पर सौ फीसदी ऑनलाइन करने के निर्देश दिए गए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि वित्तीय वर्ष के सभी कार्यों की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति समय पर जारी की जाए, ताकि कार्य इसी वर्ष पूर्ण हो सकें। वाटर मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल का प्रशिक्षण सभी संबंधितों को देकर निगरानी इसी प्लेटफॉर्म से की जाए।बैठक में सभी अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

# आयुक्त अवि प्रसाद ने जिले में मनरेगा एवं पीएम कृषि सिंचाई कार्यों का किया निरीक्षण





डिंडौरी।

म.प्र. ग्रामीण विकास विभाग के आयुक्त अवि प्रसाद द्वारा जनपद पंचायत शहपुरा एवं डिण्डौरी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में संचालित मनरेगा, मध्यान्ह भोजन तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना कार्यों का औचक निरीक्षण किया। जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपुर में निर्माणाधीन पेरीफेरल बंड कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने निर्देशित किया कि सिपरी ऐप के माध्यम से चिन्हांकन करते हुए किसानों की निजी भूमि पर प्रभावित क्षेत्रों में ही कार्य स्वीकृत किए जाएं, जिससे फसल सुरक्षा एवं मिट्टी कटाव रोकने में अपेक्षित लाभ मिले। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनुपयोगी स्थानों पर कार्य स्वीकृत न किए जाएं।

इसी प्रकार ग्राम डुंगरिया में हितग्राही श्री बाबूलाल की भूमि पर निर्मित खेत तालाब का निरीक्षण कर कार्य की पूर्णता सुनिश्चित करने तथा त्वरित पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। एकीकृत माध्यमिक शाला डुंगरिया में मध्यान्ह भोजन वितरण की गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन को आयुक्त एवं निरीक्षण दल ने छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर ग्रहण किया। जनपद पंचायत डिण्डौरी के बैगा बाहुल्य वनग्राम में मनरेगा योजना से निर्मित सार्वजनिक तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत पलकी में हितग्राही बुधिया बाई तथा ग्राम पंचायत मुढिया कला और औरई में हितग्राही जगतिया बाई एवं सीताबाई के खेत तालाब कार्यों का अवलोकन किया गया। इस दौरान आयुक्त ने सभी हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं से प्राप्त लाभ एवं उपयोगिता की जानकारी ली तथा सीईओ जिला पंचायत को बागवानी संबंधी प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, मुख्य अभियंता राज्य रोजगार परिषद के.एस. मिरधा, डिप्टी कमिश्नर वाटरशेड वीरेन्द्र त्रिपाठी, कृषि विशेषज्ञ वाटरशेड विवेक शर्मा, अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त देवेन्द्र दीक्षित, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज जैन, यंत्री, सहायक यंत्री परियोजना अधिकारी मनरेगा प्रदीप कुमार शुक्ल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री प्रमोद कुमार ओझा, कार्यपालन यंत्री ललित वैद्य, सहायक यंत्री विजेन्द्र सारीवान, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।



## एक दिवसीय परामर्श बैठक संपन्न, तेल बीज फसल आपूर्ति श्रृंखला पर हुई विस्तृत चर्चा

**डिंडोरी।** सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट (CARD) डिंडौरी द्वारा सोमवार को तेलबीज फसल आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय परामर्श बैठक आयोजित की गई।बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र (KVK) डिंडौरी के अवधेश पटेल ने किसानों को पुनर्योजी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए जीवामृत, घनजीवामृत और बीजामृत जैसे जैविक इनपुट सामग्री किसान घर पर ही तैयार कर सकते हैं। इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और फसलों पर कीट एवं रोगों का प्रकोप कम होता है।कार्यक्रम में किसानों के सामने आने वाली विपणन चुनौतियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। समूह सदस्यों ने बताया कि फसलों के उचित मूल्य और सुचारू बिक्री के लिए बेहतर विपणन तंत्र विकसित करना आवश्यक है।बैठक में विशेषज्ञों ने सामूहिक भंडारण कार्यक्रम के तहत भंडारण, मूल्य संवर्धन तथा समूह आधारित बिक्री की संभावनाओं पर भी सुझाव प्रस्तुत किए।परामर्श बैठक के अंत में उपस्थित सभी हितधारकों ने तेलबीज फसलों की मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने तथा जिले में पुनर्योजी कृषि को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

## कभी कभार खुलती है विभाग की नींद

# आबकारी विभाग अभी है जागृत

### जिले भर मे दस्तूरी कार्रवाई कर रहा आबकारी विभाग

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा अच्छी योजनाएं बनाकर नियमानुसार संचालित करने के लिए विभागों को जिम्मेदारी दी गई है लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने का काम करते रहते है जिससे सरकार की योजनाएं पूरी तरह से सफल नहीं हो पाती है और लोग सरकार को दोष देते रहते है। कुछ इसी प्रकार का हाल जिले से आबकारी विभाग का बना हुआ है जहां पर अफसरशाही के हावी नजर आ रही है। हालांकि बीते सप्ताह से आबकारी विभाग जागृत अवस्था मे नजर आ रहा है और लगातार कार्रवाई की जा रही है। लेकिन उसमें भी बड़ी मछलियों के छोड़ छोटी मछलियों का शिकार जैसी स्थिति नजर आ रही है।

### मामला इस प्रकार

सम्पूर्ण जिले मे शराब विक्रय वदस्तूरी जारी है जिले के प्रत्येक गांव मे शराब कच्ची पक्की मिल जाएगी। जिसकी सिकवे शिकायत ग्रामीणों द्वार आए दिन की जाती है परन्तु विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के कान में जूं रेंग जाए ये संभव नहीं है। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा जांच की बात कही गई तब आबकारी विभाग ने टीम बनाकर पूरे जिले की तहसीलों मे कार्रवाई प्रारंभ की गई जिसमें अवैध रूप से कच्ची शराब बनाने



वालों को पकड़ा गया और अवैध शराब जब्त कर महुआ लाहन को विनिष्ट किया गया। सवाल ये है कि क्या विभाग को कच्ची शराब व्यापारी ही हाथ लग रहे है। देशी व अंग्रेजी शराब के विक्रेता जो गांव - गांव मे शराब बिकवा रहे है उन पर विभाग की कृपा दृष्टि क्यों है।

### ये रही आज की कार्रवाई

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में मदिरा के अवैध निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन आदि अवैध गतिविधियों के नियंत्रण के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार जिला आबकारी अधिकारी नरसिंहपुर बृजेन्द्र कोरी के मार्गदर्शन में और कंट्रोल रूम प्रभारी बीएल उइके के नेतृत्व में जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा धारण एवं संग्रहण की सूचना पर वृत्त नरसिंहपुर के अंतर्गत अलग- अलग स्थानों से 1180 किलोग्राम महुआ लाहन और 18 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2000) के प्रावधानों के तहत 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी बीएल उइके, रविन्द्र जैन, आबकारी उप निरीक्षक सतीश कुमार, परि. आबकारी उप निरीक्षक आकांक्षा धनोतिया, मुख्य आरक्षक सदर सिंह बरकड़े, आरक्षक सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

### मुंह देखी कार्रवाई का अंदेशा


आबकारी विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई से लोगों को अंदेशा है कि विभाग द्वारा मुंह देखी कार्रवाई की जा रही है क्योकि विभाग द्वारा कच्ची शराब के कारोबारियों की धरपकड़ की जा रही है वही गांव - गांव तक अवैध रूप से देशी व अंग्रेजी शराब पहुंचाने वाले ठेकेदारों पर रहमों करम दिखाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा बड़ी मछलियों को छोड़कर छोटी मछली पकड़ी जा रही है जबकि जिले में अवैध रूप से कच्ची से ज्यादा देशी व अंग्रेजी शराब के कारोबारी फल फूल रहे है। लेकिन विभाग द्वारा कार्रवाई इसलिए नही की जाती है क्योकि उनके द्वारा ठेकेदार की शराब का विक्रय किया जाता है यदि उन पर कार्रवाई की जाएगी जो विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को आर्थिक हानि हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज की व्यवस्थाओं को लेकर छात्रों ने कलेक्टर से शिकायत

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों द्वारा कलेक्टर को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत मे बताया गया कि महाविद्यालय मे स्टाफ की कमी तथा कुछ विषयों के विशेषज्ञ प्राध्यापक नही है जिससे अध्ययन मे समस्या उत्पन्न हो रही है। महाविद्यालय द्वारा जो स्टाफ पदस्थ्य है उनसे ही अध्यापन का कार्य कराया जा रहा है जिससे शिक्षक भी व्यवस्थित ढंग से अघ्यापन नही करा पा रहे है। स्टाफ की कमी के कारण छात्र - छात्राओं का भविष्य खतरे मे जा रहा है। कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।

### जनसुनवाई में आये 125 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 125 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 13 को

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी ने बताया कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन 13 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले में 16 केन्द्र बनाए गए हैं। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। प्रवेश पत्र विद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है।

### बरमान मेला संबंधी बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष मेला समिति बरमान श्रीमती रजनी सिंह द्वारा बरमान मेला- 2026 की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में बुधवार 10 दिसम्बर को प्रात 11 बजे से विश्राम गृह बरमान कलां में आयोजित की जायेगी। बैठक में संबंधित विभागों से मेला संबंधी जानकारी सहित मौजूद रहने के लिए कहा गया है। यह जानकारी सचिव मेला समिति बरमान एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चांवरपाठा ने दी है।

### गन्ना परिवहन में लगे वाहनों की जांच



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न गन्ना शुगर मिलों में गन्ना परिवहन में लगे ट्रेक्टर-ट्रालियों व ट्रकों की मंगलवार को जांच की गई। इस दौरान वाहनों में रेडियम लगाए गए, जिससे रात के समय दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जिला परिवहन अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि बिना परमिट, फिटनेस एवं लगभग एक लाख रुपये मोटरयान कर बकाया होने पर गन्ना परिवहन में लगे करेली शुगर मिल के दो ट्रक जब्त किए गए। मौके पर किसानों को समझाइश दी गई कि वे एक ट्रैक्टर में एक से अधिक गन्ने की ट्रालियां नहीं लगाएं और ना ही ओव्हरलोडिंग करें। इस दौरान परिवहन विभाग का अमला मौजूद था।

### राज्य स्तरीय जूनियर हॉकी प्रतियोगिता 14 तक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में सहयोग क्रीड़ा मंडल के सहयोग से पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के संरक्षण में राज्य स्तरीय जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड पर 10 से 14 दिसंबर तक किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि खिलाड़ियों के आवास, भोजन एवं परिवहन की समस्त व्यवस्थाएँ फाउंडेशन द्वारा पूरी कर ली गई हैं। जिले के खेलप्रेमियों को इस दौरान रोमांचक हॉकी मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31,000 रुपए और द्वितीय पुरस्कार 21,000 रुपए सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार फाउंडेशन द्वारा निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन नरसिंहपुर, नरसिंहपुर हॉकी अकादमी, जबलपुर, आरडीव्हीव्ही जबलपुर, खरगौन, सागर, सिवनी, बालाघाट, दमोह, देवरी, उज्जैन, उमरिया, गुना, तथा नागदा (इंदौर) की टीमें अपना कौशल प्रदर्शन करेंगी। आयोजन समिति के सदस्य संतोष राजपूत, सुनीता यादव, प्रवीण ठाकुर, संदीप नामदेव सहित फाउंडेशन एवं सहयोग क्रीड़ा मंडल के सदस्यों ने खेलप्रेमियों से खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना हेतु आवेदन 27 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संचालनालय धार्मिक, न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत तिरूपति-श्रीकालहस्ती की यात्रा प्रस्तावित है। उक्त योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों से 27 दिसम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जो यात्राएं शासन द्वारा आयोजित होगी, वे सभी ई- गवर्नेंस द्वारा बनाया गया पोर्टल पर ही आवेदन पत्रों का पंजीयन किया जावेगा। इसके लिए जिले को 279 सीटें आवंटित की गई हैं। इस संबंध में अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर, तहसीलदार नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव व गाडरवारा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरसिंहपुर, गोटेगांव, करेली, तेंदूखेड़ा, गाडरवारा, सांईखेड़ा, चीचली व सालीचैका और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहपुर, गोटेगांव, करेली, चीचली, सांईखेड़ा व चांवरपाठा से अपेक्षा की गई है कि तीर्थदर्शन योजना में अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभ मिल सके, इसके लिए अपने कार्यक्षेत्र में लाउडस्पीकर एवं अन्य के माध्यम से व्यापक प्रचार- प्रसार कराये जाने के व्यवस्था करें।

### आरोहण इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप 13 से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की खेलो इंडिया अवधारणा की दिशा में जिले के युवा शक्ति के खेल प्रोत्साहन हेतु एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा आरोहण इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 का भव्य शुभारंभ 13 दिसम्बर 2025 से किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता के संबंध में महाविद्यालय के चेयरमेन इंजी. रुद्रेश तिवारी द्वारा बताया गया कि जिले के सम्पूर्ण विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत छात्र विद्यालय की क्रिकेट टीम के साथ भाग ले सकेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा खेल प्रतिभा को निखारना है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11000 रूपये एवं उपविजेता टीम को 5100 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा, इसके अतिरिक्त बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, बेस्ट विकेटकीपर, मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द चैम्पियनशिप जैसे अन्य आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किये जावेगें। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्राप्त विद्यालयीन टीम ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 10 दिसंबर 2025 को एम.आई.एम.टी. महाविद्यालय में पंजीकृत टीमों के टूर्नामेंट फिक्सचर हेतु कोच, मैनेजर की मीटिंग दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। सभी विद्यालय दिनांक 10 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे तक अपनी टीम का पंजीयन करवा सकते है।

### शिविर में 228 दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को उपकरण किए प्रदान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, रामसनेही पाठक, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की मौजूदगी में भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को एडिप एवं वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से चिन्हांकन और परीक्षण के लिए मंगलवार को पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 228 दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हांकित किया गया। इस दौरान वाकिंग स्टिक, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, हियरिंग ऐड, कमर एवं घुटनों के बेल्ट आदि के लिए दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का चिन्हांकन किया गया है। इस अवसर पर सुनील कोठारी, श्रीमती संध्या कोठारी, आनंद दुबे, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती अंजना त्रिपाठी, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. धनंजय पटेल व डॉ. राजेंद्र सोनी सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि नगर पालिका करेली के अंतर्गत सोमवारा बाजार करेली में 10 दिसम्बर को, जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत ग्राम पंचायत सूखाखैरी में 11 दिसम्बर को व ग्राम पंचायत शाहपुर में 12 दिसम्बर को और जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत जनपद पंचायत सांईखेड़ा में 13 दिसम्बर को चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**गोटेगांव।** विगतदिवस- श्रीधाम हॉस्पिटल के पास जागृति नगर भगतसिंह वार्ड में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का विधिवत शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ! श्रीमद् भागवत कथा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला! भव्य कलश यात्रा में महिलाए पुरुष कन्या श्रद्धालु बड़ी संख्या में कलश यात्रा में शामिल हुए ! सात दिनों तक चलने वाली इस अनुष्ठान में प्रतिदिन 3:00 बजे से 6:00 बजे तक कथा का आयोजन किया गया है कथा वाचन के लिए प्रसिद्ध पंडित विवेक भूषण तिवारी काशी वाराणसी बालों के मुखारविंद से हो रही है जो भगवान श्री कृष्ण के दिव्या जीवन लीलाओं तथा प्रमुख प्रसंगों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालेंगे श्रद्धालुओं के लिए यह आध्यात्मिक और ज्ञानवर्धक अवसर माना जा रहा है आयोजन समिति ने भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### विद्यारंभ संस्कार एवं गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ

**गोटेगांव।** बीते दिनों सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोटेगांव में विद्यारंभ संस्कार अभियान का शुभारंभ बसंत पंचमी के पावन अवसर पर किया गया। मां सरस्वती की आराधना के साथ 3 से 4 वर्ष आयु वर्ग के भैया-बहनों के प्रथम अक्षर मंत्र उच्चारण की प्रक्रिया आरंभ हुई। सरस्वती शिशु मंदिर, गोटेगांव में आयोजित इस अभियान की शुरुआत गृह संपर्क अभियान के तहत की गई।विद्यालय परिवार ने बताया कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे मानव शिशु का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है तथा उसका चरित्र निर्माण संभव होता है। समाजीकरण की प्रक्रिया के साथ वह समाज में अपनी उपयुक्त भूमिका निभाने योग्य बनता है। हजारों वर्षों से अर्जित अनुभवजन्य ज्ञान, रीति-रिवाज, परंपराएँ एवं सांस्कृतिक धरोहर शिक्षा के माध्यम से ही अगली पीढ़ी को हस्तांतरित होती हैं।विद्यारंभ संस्कार के अंतर्गत 23 जनवरी 2026 को प्रातः 9 बजे बसंत पंचमी के शुभ दिन हवन का आयोजन भी किया जाएगा। इसके लिए आज से आचार्यों द्वारा घर-घर जाकर भैया-बहनों एवं अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है। संस्था का मानना है कि संस्कारों में विकास से प्रवृत्तियों का उन्नयन होता है और यही संस्कृति का आधार है।संस्था के व्यवस्थापक राजकुमार जैन ने देव ठाकुर बाबा के पूजन के साथ अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बच्चों का विद्यारंभ संस्कार हेतु प्रवेश कराया जाए, जिससे वे शिक्षा की पवित्र प्रक्रिया में प्रारंभ से ही संस्कारित हों।आज वैभव त्रिपाठी, विकास पटेल, शिवाय त्रिपाठी तथा देवांश पटेल का प्रथम प्रवेश कराया गया।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता, आचार्य किशोर शुक्ला, संजय जैन, सरदार पटेल, तुलसा नामदेव, सविता राजपूत, आरती पटेल, दीपिका पटेल, अनुश्री राजपूत, कल्पना चौरसिया, किरण चौरसिया, ज्योति देवी, मोनिका गौतम, सैलरी पटेल, जानकी पटेल, रजनी पटेल, प्रीति ढीमर सहित समस्त स्टाफ का योगदान रहा।अभियान के अंतर्गत आज से सतत गृह संपर्क कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।





### तीन साल से अधूरा पड़ा नगवारा-झिरी सड़क मार्ग

**गोटेगांव।** तहसील के अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत ग्राम पंचायत नगवारा से झिरीकला गांव तक डामर सड़क का निर्माण कार्य लगभग तीन वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था। सड़क के साथ पुलियों का निर्माण कार्य भी किया गया था। निर्माण के दौरान मार्ग के एक हिस्से को लेकर समीपस्थ कृषक द्वारा भूमि स्वामित्व का दावा किया गया, जिसके कारण उस हिस्से में कार्य रोक दिया गया। तब से लेकर आज तक सड़क का वह भाग अधूरा और कच्चा ही पड़ा हुआ है।तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा विवाद का समाधान नहीं कराया जा सका, जिसके चलते बरसात के मौसम में इस हिस्से में दलदल की स्थिति निर्मित हो जाती है। वर्तमान समय में भी कच्चे मार्ग के किनारे रखी गई नोज़ल शिफ्ट के कारण सड़क लगातार कीचड़युक्त बनी हुई है, जबकि इसके दोनों ओर डामर सड़क मौजूद है।ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को जनहित को ध्यान में रखते हुए विवादित भूमि प्रकरण का जल्द से जल्द निराकरण कर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराना चाहिए, ताकि लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने की जरूरत





**तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा में पार्किंग व्यवस्था परेशानी का कारण बनीं हुई है। वहीं तेंदूखेड़ा में आयोजित होने जा रहे पंचकल्याणक महोत्सव को लेकर विशेष भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्था बनाये जाने की जरूरत है।साथ ही शनिवार को भरने वाले साप्ताहिक बाजार में बाहर गांवों से आने वाले ग्राहकों को निजी बाहन खड़े करने में कुछ ज्यादा ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है।**

पुराने बस स्टैंड से लेकर बाजार स्थल तक लोग बाग अपनी मोटरसाइकिल कहीं भी खड़ी करके चलते बनते हैं। खरीद दारी करने के उपरांत ही वापस लौट पाते हैं। इस व्यवस्था से दुकानदार परेशान हो जाते हैं।उनकी ग्राहकी पर भी असर पड़ता है। जबकि बाहर से आने वाले ग्राहक वर्ग का कहना है कि पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अपने अपने वाहन मजबूरीवश कहीं भी खड़े करके जाना पड़ता है। इसके लिए अलग से एक कहीं निर्धारित एक स्थान बन जाना चाहिए।इस व्यवस्था से जहां आवागमन सुरक्षित हो सकेगा दुकान दारों की भी समस्याएं कम होगी और बाहन चालकों की भी असमंजस की स्थिति समाप्त हो जायेगी। नगर के पुराने बस स्टैंड पर उक्त छोटे बाहनों के कारण भारी बाहनों को भीड़ के बीच में निकालना परेशानी दायक हुआ करता है आये दिन हाट टांक की स्थिति भी बनतीं है। कपड़ा व्यवसाई टिंकू अग्रवाल का कहना है कि शनिवार के दिन सामने तरफ दुकानें लग जाने तथा मोटरसाइकिलें खड़ी हो जाने के कारण ग्राहकी प्रभावित हुआ करती है।

### मंगल भवन और पुराने पुलिस थाना परिसर में खड़े करते हैं बाहन

मुख्य साप्ताहिक बाजार में संकीर्णता पूर्ण माहौल होने के कारण बाहन बाजार में खड़े नहीं हो पाते हैं। वैसे भी बाजार में सब्जी के अलावा कपड़ा किराना सहित बड़ी संख्या में दुकानें लगा करतीं हैं। पूर्व में लगने वाला मवेशी बाजार भी अब खत्म सा हो गया है। मजबूरी वश लोग मंगल भवन और पुराने पुलिस थाना परिसर में अपने वाहन खड़े किया करते हैं। लेकिन अब पुराने पुलिस थाने परिसर में भी भीतर तार बाड़ी हो जाने के कारण वहां पर भी अब बाहन खड़े नहीं हो पा रहे हैं।

### आदतों पर नहीं लगा विराम

पुराने बस स्टैंड से मंडी तरफ को जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग को चौड़ा बन हो जाने के बाबजूद भी लोगों की आदतों में सुधार नहीं हुआ है मनचले ढंग से बाहन खड़े करके जाना अभी भी लोगों की आदतों में शामिल हो गया है।इस मुख्य सड़क मार्ग से भारी बाहनों का आना जाना हमेशा लगा रहता है।

### बैंकों के सामने नहीं है पार्किंग व्यवस्था

नगर में संचालित विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों में बाहर तरफ पार्किंग व्यवस्था ना होने के कारण आये दिन आवागमन प्रभावित हुआ करता है वहीं दुकानदारों और ग्राहकों के बीच भी हाट टांक हुआ करती है। चूंकि सभी बैंक इसी सड़क मार्ग पर संचालित है।लेन देन के दौरान वाहनों को खड़ा करके जाना समय ज्यादा होने या अधिक भीड़ भाड़ के कारण आवागमन ज्यादा ही प्रभावित हुआ करता है।